भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 25.08.2023

आरेडिका में 88वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का भव्य समापन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 23.08.2023 से 25.08.2023 से 88वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप–2023 के आयोजन का आज भव्य समापन हो गया। जिसमें फील्ड इवेंट एवं ट्रक इवेंट दोनों को मिलाकर 47 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी जिसमें मुख्य हैं डिस्कस थ्रो, जैवेलिन थ्रो, हैमर थ्रो, मैराथन, ट्रिपल जम्प, दौड, लम्बी कूद, ऊँची कूद, वाकरेस, शॉटपुट, एवं पोलवॉल्ट, आदि। जिसमें विभिन्न रेलवे के पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों ने विजय पताका फहरा कर अपने अपने जोन को गौरवांवित किया।

इस चैंपियनशिप में महिला वेस्ट एथलीट पुरस्कार विजेता पीएलडब्ल्यू की प्राची रहीं वहीं वेस्ट एथलीट मेन्स के विजेता सेण्ट्रल रेलवे के तेजस शिर्सी रहे। टीम चैंपियनशिप वोमेन की विजेता ईस्टर्न रेलवे एवं उप विजेता दक्षिण रेलवे रही। टीम चैंपियनशिप मेन्स में विजेता दक्षिण पश्चिम रेलवे एवं उपविजेता उत्तर रेलवे रहीं।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने आरेडिका खेल–कूद संघ, रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड, ऑब्जर्वर, टेक्नीकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन एवं नाड़ा के सभी सदस्यों का आभार जताया जिनके अथक परिश्रम और लग्न से इन प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन संभव हुआ।

आरेडिका की पदमश्री एवं अर्जुन पुस्कार प्राप्त तथा आरेडिका की खेलाधिकारी सुधा सिंह के सानिध्य में तैयारी कर रही पायल कुशवाह, मुनीता प्रजापति, ज्योति, नन्ही सोमनाथ, एवं दीपक आदि खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत, एवं कांस्य पदक प्राप्त किये।

प्रतियोगिताओं के सकुशल सम्पन्न कराने पर विभिन्न स्थानों से आये रेलवे खिलाड़ियों ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के खेल– कूद संघ का आभार जताया।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि बहादुर प्रसाद एरिना में प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित करने के लिए विश्व स्तरीय डिजीटल सुविधाओं का उपयोग किया गया जिससे सभी प्रतियोगिताओं के शत्प्रतिशत पारदर्शी परिणाम घोषित हो सकें एवं खिलाड़ियों की खेल भावनाओं का सम्मान किया जा सका। भाविष्य में भी आरेडिका खेल–कूद संघ इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन अपना योगदान देता रहेगा।

इस अवसर पर आरेडिका अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

25.8.2023

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी